हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 26 सितंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 कलेक्टर का असरः किसी को पांच हजार का मातृत्व सहारा, किसी को ...



07 घडियाल अभ्यारण की बाधा होगी दूर, बिना रोक टोक के होगा ...



खबर संक्षेप

मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद प्रतिमा पर होगा संपन्न

सागर। हर माह के अंतिम रविवार को होने वाले शहर कांग्रेस सेवादल परिवार के मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद प्रतिमा के समक्ष सिविल लाइंस वार्ड, सागर गैरे रेस्टोरेंट के पास संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष डॉ.हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय अंशुल शर्मा होगे। कार्यक्रम में जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों, जिला कार्यकारिणी सदस्यो, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, नगर निगम पार्षद गणों, एन एस यू आई,यंग ब्रिगेड, सेवादल परिवार से रविवार 27 सितम्बर सुबह 10.30 बजे कार्यक्रम स्थल उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

आज सागर में जुटेगी देश की शीर्ष साहित्यिक हस्तियां

सागर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर और इंशाद फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 26 सितंबर शनिवार को दोपहर 1 बजे से एक ऐतिहासिक साहित्यिक महाकुंभ 'अभिव्यक्ति' कार्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के आदि गुरु शंकराचार्य ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली इस विशेष काव्य-संध्या में देश-प्रदेश के शीर्षस्थ एवं ख्यातिलब्ध शायर तथा कवि अपनी रचनाओं से सागर के साहित्यप्रेमियों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस वृहद साहित्यिक आयोजन में मुंबई से उर्दू अदब के जाने-माने नाम श्री राजेश रेड्डी व श्री नवीन जोशी, भोपाल से प्रसिद्ध शायरा डॉ. नुसरत मेहदी, हरदोई से सुप्रसिद्ध कवयित्री सुश्री पल्लवी मिश्रा, कोटा से श्री तनोज दाधीच, पटियाला से श्री अश्विनी मित्तल तथा सागर के लोकप्रिय रचनाकार श्री अशोक मिज़ाज व श्री आदर्श दुबे अपनी ओजस्वी व सरस रचनाओं का पाठ करेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सरोज गुप्ता तथा कार्यक्रम के सह-आयोजक श्री अशोक मिज़ाज एवं श्री आदर्श दुबे ने सागर नगर के समस्त प्रबुद्धजनों, साहित्यक अनुरागियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस गरिमामयी और अविस्मरणीय साहित्यिक समागम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।



कलेक्टर ने सब हेल्थ सेंटर केरबना का किया औचक निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शुक्रवार को सब हेल्थ सेंटर केरबना का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति, दवाइयों की उपलब्धता और गर्भवती महिलाओं की देखभाल से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से क्षेत्र की हाई रिस्क (उच्च जोखिम वाली) गर्भवती महिलाओं की जानकारी ली। उन्होंने सीएचओ और एएनएम से जानकारी लेते हुए जाना कि जोखिम पूर्ण गर्भावस्था वाली महिलाओं की ट्रैकिंग और देखरेख किस प्रकार की जा रही है तथा उनकी सुरक्षा के लिए क्या ठोस उपाय अपनाए जा रहे हैं।







श्रद्धा, सुरक्षा और स्वच्छता के बीच लहदरा नाका पर भावपूर्ण हुआ गणेश विसर्जन

ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने दी विदाई, बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेन और नदी में सुरक्षा के लिए नाव-गोताखोर रहे तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

गणेश उत्सव के समापन पर शुक्रवार को लहदरा नाका स्थित विसर्जन स्थल पर श्रद्धा और भक्ति का भावपूर्ण दृश्य देखने को मिला। सुबह से ही गणेश प्रतिमाओं को लेकर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। ढोल-नगाड़ों की थाप और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और अपने आराध्य को भावपूर्ण विदाई दी। इस दौरान नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और नदी की स्वच्छता को लेकर व्यापक व्यवस्थाएं की थीं।

आयुक्त ने मौके पर रहकर संभाली व्यवस्थाओं की कमान

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री पूरे समय विसर्जन स्थल पर मौजूद रहे और व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। उन्होंने पुलिस प्रशासन तथा नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर प्रतिमाओं के व्यवस्थित विसर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित की। आयुक्त ने मौके पर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

बड़ी और भारी गणेश प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई थी। क्रेन की मदद से प्रतिमाओं को सावधानीपूर्वक विसर्जित कराया गया। वहीं नदी में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए नाव के साथ गोताखोरों की टीम तैनात रही।

पुलिस और नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी लगातार मौके पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए हुए थे। विसर्जन स्थल पर बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित किया गया था। घाट से पहले ही पूजन-अर्चन के लिए स्थान निर्धारित किया गया था। बारिश की संभावना को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए टेंट की व्यवस्था भी की गई।

नदी की स्वच्छता को लेकर नगर निगम ने विशेष सतर्कता बरती। विसर्जन के दौरान फूल-माला, वस्त्र और अन्य पूजन सामग्री नदी में डालने पर रोक रही। नगर निगम की टीम लगातार मौके पर निगरानी करती रही और श्रद्धालुओं से पूजन सामग्री निर्धारित स्थान पर रखने की अपील की गई। प्रतिमाओं के विसर्जन से पहले फूल-माला, वस्त्र और अन्य सामग्री अलग करने की व्यवस्था की गई थी। विसर्जन के बाद निकलने वाली पूजन सामग्री को भी अलग से एकत्रित किया गया। नगर निगम के अनुसार एकत्रित फूल-मालाओं और अन्य सामग्री का उपयोग स्वयंसेवी महिलाओं द्वारा अगरबत्ती सहित अन्य उपयोगी सामग्री बनाने में किया जाएगा।

महालवार देवी मंदिर परिसर में भी बनाया विसर्जन कुंड

श्रद्धालुओं की सुविधा और नदी की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए महालवार देवी मंदिर परिसर में भी गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए विशेष कुंड बनाया गया था। इससे श्रद्धालुओं को वैकल्पिक और व्यवस्थित विसर्जन की सुविधा मिली।

विसर्जन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और वाहनों के पहुंचने के कारण यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस प्रशासन और नगर निगम की टीमों ने समन्वय बनाकर वाहनों तथा श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित रखा। नगर निगम का अतिक्रमण निरोधक दल भी यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सक्रिय रहा। विसर्जन स्थल और आसपास सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम की टीम पूरे समय तैनात रही। लगातार सफाई कराकर एकत्रित पूजन सामग्री को अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्थित किया गया।



झमाझम बारिश के बीच नम आंखों से बप्पा को दी विदाई, नरेन-बीना नदी में हुआ विसर्जन

खुरई। शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी पर झमाझम बारिश के बीच खुरई नगर व ग्रामीण क्षेत्र में विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन नम आंखों से किया गया। 10 दिन तक चले गणेश उत्सव के समापन पर पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमाओं को नरेन नदी और बीना नदी में विसर्जित किया गया। शंखनाद के साथ पूरे भक्तिमय वातावरण में हिंदू समुदाय ने बप्पा को विदा किया। श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष और ढोल-नगाड़ों के साथ मूर्तियों को लेकर घाट तक पहुंचे। नगर पालिका द्वारा नरेन नदी पर पहले से ही व्यवस्था कर ली गई थी। नगर में बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन क्रेन के माध्यम से तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बीना नदी में विसर्जन किया गया। सुबह से रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश के बीच समितियों ने वाहन पर प्रतिमाओं को विराजमान कर नगर परिक्रमा कराई। घाट पर आरती कर सुख-समृद्धि की कामना के साथ विसर्जन किया गया। देर रात तक विसर्जन का क्रम जारी रहा। विसर्जन अधिकारियों की निगरानी और चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ।



एक समय, एक स्वर, एक लय में गूंजा वंदेमातरम

गढ़ाकोटा। 'नमामि भारतम' कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गढ़ाकोटा में सामूहिक वंदेमातरम गायन का आयोजन किया गया। प्रातः 11 बजे विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, आचार्यों एवं अतिथियों ने एक समय, एक स्वर और एक लय में वंदेमातरम् का गायन कर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन आचार्य राजेंद्र नाथ साहू ने किया तथा अतिथि परिचय आचार्य दीनदयाल पटेल ने कराया। प्रधानाचार्य संजय कुमार शुक्ला एवं आचार्य कलू प्रसाद पाण्डे ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं अध्यक्ष समिति कोषाध्यक्ष शामिक कुमार शर्मा रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एवं साक्षी के रूप में पूर्व प्राचार्य एवं प्रसिद्ध शिक्षक श्यामलाल सोनी, शासकीय सांदीपनि विद्यालय गढ़ाकोटा के हरगोविंद साहू, समिति सदस्य रामकुमार नामदेव, पूर्व आचार्या सुधा गुप्ता सहित शासकीय महाविद्यालय गढ़ाकोटा के कंप्यूटर विभागाध्यक्ष शरद चौबे एवं पत्रकार नीलेश चौरसिया उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। अंत में प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने अतिथियों एवं सभी सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सामूहिक वंदेमातरम गायन के साथ कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

मोदी का सार्वजनिक जीवन सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणाः पूर्वमंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से वडनगर (गुजरात) तक निकाली गई दो सेवा संकल्प यात्राओं का खुरई, बांदरी से मालथौन तक विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। यात्राओं के साथ चल रहे देश की पवित्र नदियों के जल कलशों का विधि-विधान से पूजन किया गया। खुरई और बांदरी में आयोजित सेवा संकल्प सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। सेवा संकल्प यात्रा का उद्देश्य जन-जन से संवाद, सकारात्मकता, सेवा और समन्वय के माध्यम से समाज को जोड़ना है। इन यात्राओं से एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि बांदरी से मालथौन तक टोली क्रमांक-8 का स्वागत किया गया, जिसका नाम मां राप्ती नदी के नाम पर रखा गया है, जबकि खुरई में टोली क्रमांक-9 का स्वागत हुआ, जिसका नाम माता वरुणा नदी के नाम पर है। यात्राओं के साथ गंगा, यमुना, अलकनंदा, गोमती, नर्मदा, ताप्ती, राप्ती और वरुणा सहित पवित्र नदियों का जल कलश चल रहा है। इस जल से वाराणसी में बाबा विश्वनाथ और वडनगर के हाटकेश्वर महादेव का अभिषेक किया जाएगा।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सेवा संकल्प यात्रा के माध्यम से देश के अलग-अलग भाषा, संस्कृति और परिवेश के युवाओं को एक-दूसरे को समझने का अवसर मिल रहा है। यात्राएं नए लोगों से जुड़ने और विविधता को समझने की सीख देती हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। साथ ही नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए भी जनजागरण जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन बताता है कि अनुशासन, सकारात्मक विचार और कर्म के प्रति समर्पण से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



बरसते पानी में गढ़ाकोटा में जल विहार के लिए निकले भगवान, गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

गढ़ाकोटा। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शुक्रवार को बरसते पानी में गढ़ाकोटा नगर के प्रतिष्ठित मंदिर श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर,श्री देव रामकुमार स्वामी मंदिर से भगवान जल विहार के लिए निकले। जिसमे सराफा मंदिर, अग्रवाल मंदिर एवं नेमा समाज के भगवान विमानों में विराजमान होकर गाजे-बाजे, शंख और झालरों के साथ नगर भ्रमण पर निकले। शोभायात्रा मुखर्जी चौक, अस्पताल चौराहा,रुई बाजार, पाठक मार्केट सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए छोटे पुल के पास स्थित बनिया घाट पहुंची। यहां विमानों में विराजमान भगवान का विधि-विधान से जल विहार कराया गया तथा पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। जल विहार यात्रा में सोनी समाज,अग्रवाल समाज एवं नेमा समाज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

बंडा के सेवा संकल्प यात्रियों से प्रधानमंत्री मोदी ने किया संवाद

यात्रा से देश की विविधता और संस्कृति को समझने का अवसर : शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से वड़नगर जाने वाले सेवा संकल्प यात्रियों से संवाद किया। बंडा से जुड़े छत्तीसगढ़ निवासी सेवा संकल्प यात्री अमन अग्रहरे ने अपने अनुभव साझा करते हुए नक्सल मुक्त क्षेत्र में आई खुशहाली, महिला सशक्तिकरण और विकास की जानकारी दी। उन्होंने सागर सहित विभिन्न स्थानों पर यात्रा के दौरान मिले अनुभव भी साझा किए।

सेवा संकल्प यात्रियों ने प्रधानमंत्री को बताया कि यात्रा के दौरान सेवा कार्यों में आनंद का अनुभव हो रहा है और उत्साह के साथ यात्रा आगे बढ़ रही है। यात्रियों ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान और आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों से हुए संवाद की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से एक बच्ची को कैंसर का उपचार मिला और अब वह स्वस्थ है। यात्रियों ने स्वच्छता के प्रति बढ़ती जागरूकता, सफाई कर्मियों के सम्मान, सड़क एवं अधोसंरचना विकास तथा पीएम श्री स्कूलों से जुड़े अनुभव भी साझा किए। प्रधानमंत्री ने यात्रियों से अपील की कि यात्रा के दौरान युवाओं को शासकीय योजनाओं की जानकारी दें और अधिक से अधिक लोगों को इनके लाभ के प्रति जागरूक करें।


देश की विविधता समझने का अवसर देती है यात्रा : शुक्ल

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि आठ दिन की यात्रा पूरी करने के बाद नौवें दिन बंडा में दो टोलियों का एक साथ आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवाद के माध्यम से यात्रियों का उत्साहवर्धन किया और यात्रा के उद्देश्यों को पुनः सामने रखा।

उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को समझने के लिए एक कोने से दूसरे कोने तक यात्रा करना आवश्यक है। इससे देश की संस्कृति, सभ्यता और विविधता को समझने के साथ एकजुटता की भावना भी मजबूत होती है। वाराणसी से वडनगर और वडनगर से वाराणसी की यह यात्रा युवाओं को देश के विभिन्न क्षेत्रों को समझने, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेने तथा लाभार्थियों से संवाद करने का अवसर प्रदान कर रही है।

शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं यात्रियों से फीडबैक लेकर योजनाओं के प्रभाव की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं का समाधान होने तक विकास का कार्य पूर्ण नहीं माना जाना चाहिए। विकसित भारत 2047 के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उप मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प यात्रा के यात्रियों से आत्मीयता से चर्चा कर उनके अनुभव जाने और उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर दमोह सांसद राहुल लोधी, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रानी कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, रुपेश रोशन खरे, नीतेश जैन, प्रभुदयाल राठौर, लोकेंद्र सिंह, आयुष्य पांडे, कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया, जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।



पार्थ चोबे का वॉलीबॉल छात्रावास नरसिंहपुर में चयन

सागर। संचालनालय खेल और युवा विभाग भोपाल द्वारा विभाग द्वारा नरसिंहपुर में संचालित वॉलीबॉल प्रशिक्षण केन्द्र में खिलाड़ियो के चयन हेतु दिनांक 09 से 10 जुलाई को तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में चयन ट्रायल आयोजित किया गया। जिसमें म.प्र. के विभिन्न जिलो के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल दिया। खेल और युवा कल्याण विभाग सागर के व्हालीवाल खेल प्रशिक्षण केन्द्र के खिलाड़ी श्री पार्थ चोबे का चयन व्हालीवाल छात्रावास नरसिंहपुर में चयन हुआ है। पार्थ चोबे को विभागीय प्रशिक्षक सीमा चक्रवर्ती द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीमा चक्रवर्ती से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ी पार्थ चोबे द्वारा अपनी कड़ी मेहनत से कटनी में दिनांक 29 अप्रैल 2025 से 01 मई 2025 तक आयोजित की गई 54वी के.व्ही.एस. रीजनल व्हालीवाल प्रतियोगिता में टीम को स्वर्ण पदक दिलाया एवं 21 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक चण्डीगढ़ के आयोजित 54वी के.व्ही.एस. राष्ट्रीय व्हालीवाल खेल प्रतियोगिता में सहभागिता की। जिसमे इनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से दिनांक 11 नवम्बर 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक उ.प्र. में आयोजित 69 वी शालेय राष्ट्रीय व्हालीवाल प्रतियोगिता में सहभागिता की। पार्थ चोबे के चयन पर संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डावर एवं समस्त विभागीय प्रषिक्षक एवं व्हालीवाल खिलाड़ियो द्वारा शुभकामनायें प्रेषित की।

प्रशासनिक कसावट के बाद जन जन तक पहुंच रही योजनायं, बदल रही जिंदगी की तस्वीर

कलेक्टर का असरः किसी को पांच हजार का मातृत्व सहारा, किसी को 8 लाख का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा पहले ढुलमुल प्रशासन की कसावट करने और फिर शासकीय योजनाओं को लेकर जिले की जनता को लगातार जागरूक करने के बाद की जा रही लगातार मॉनिटरिंग और योजनाओं के क्रियान्वयन का असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। जिले के अलग-अलग गांवों और शहरों में ऐसे हितग्राही सामने आ रहे हैं, जिनके लिए सरकारी योजनाएं महज कागजों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि आर्थिक सहारे, बेहतर इलाज, खेती-किसानी और स्वरोजगार का माध्यम बनी हैं।

योजना का मिल रहा लाभ

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि, पीएमईजीपी, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तक का लाभ जिले के लोगों को मिलने से हितग्राहियों ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। ग्राम प्रेमपुरा, तहसील पलेरा निवासी रोहिणी के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आर्थिक सहारा बनकर सामने आई। प्रथम प्रसव पर उन्हें योजना के तहत 5 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। रोहिणी के अनुसार, आर्थिक सहायता मिलने से उन्हें कई आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिली। उन्होंने योजना के लाभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी तरह ग्राम जुड़ावन निवासी किसान हरदयाल लोधी के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना खेती के समय आर्थिक सहारा उपलब्ध करा रही है। हरदयाल बताते हैं कि पहले खेती के जरूरी काम पूरे करने के लिए उन्हें कई बार उधार का सहारा लेना पड़ता था। अब किसान सम्मान निधि से मिलने वाली राशि के कारण खेती से जुड़े आवश्यक खर्चों को समय पर पूरा करने में मदद मिल रही है। उन्होंने इस सहयोग के लिए प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। सरकारी योजनाओं का असर केवल खेती और सामाजिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने में भी दिखाई दे रहा है। टीकमगढ़ निवासी अशोक कुशवाहा ने पीएमईजीपी योजना के तहत 8 लाख रुपये का ऋण लेकर अपने निर्माण व्यवसाय को आगे बढ़ाया। वे जाली, फाटक, खिड़की सहित अन्य निर्माण कार्य करते हैं। लाभार्थी अशोक का कहना है कि सरकारी सहायता से उन्हें अपना व्यवसाय विस्तार देने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजना के सहयोग से आत्मनिर्भर बनने का उनका सपना आगे बढ़ सका है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी आयुष्मान भारत योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए आर्थिक बोझ कम करने का माध्यम बनी है। ग्राम सुकवाहा, जिला टीकमगढ़ निवासी अनिल कुशवाहा का पथरी रोग का उपचार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क किया गया। गंभीर बीमारी के उपचार पर होने वाले खर्च की चिंता से राहत मिलने के बाद अनिल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

वहीं ग्राम कैलपुरा निवासी चंदादेवी राय को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है। खाद्यान्न मिलने से परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों में मदद मिल रही है। चंदादेवी राय ने योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। इन हितग्राहियों के अनुभवों से यह तस्वीर सामने आती है कि कलेक्टर श्रोत्रिय के लगातार प्रयासों के कारण शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अलग-अलग जरूरतों के अनुरूप लोगों तक पहुंच रहा है। किसी परिवार के लिए मातृत्व के समय आर्थिक मदद महत्वपूर्ण साबित हो रही है तो किसी किसान के लिए सम्मान निधि खेती के खर्च में सहारा बन रही है। वहीं स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं और कारोबारियों को ऋण के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है तथा जरूरतमंद मरीजों को आयुष्मान योजना के जरिए उपचार की सुविधा मिल रही है।

कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा योजनाओं के पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के लिए की जा रही निगरानी के बीच सामने आए ये उदाहरण सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी तस्वीर भी प्रस्तुत करते हैं। कलेक्टर श्रोत्रिय के निरंतर निर्देशन में प्रशासन की ओर से लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे और सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंद तक समय पर पहुंचे।

99 फीसदी भरा बान सुजारा बांध, 24 घंटे में आधा इंच बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। बारिश के चलते इस सीजन में जिले की औसत वर्षा 36.7 इंच पहुंच गई है। जिले की सामान्य औसत बारिश 40 इंच है, यानी सामान्य आंकड़े तक पहुंचने के लिए अब महज 3.3 इंच बारिश की जरूरत है। लगातार बारिश के बीच जिले का प्रमुख बान सुजारा बांध भी लगभग पूरी क्षमता तक भर चुका है। बांध 99.068 प्रतिशत भर गया है और जलस्तर पूर्ण भराव क्षमता के करीब पहुंचने के बाद पानी की निकासी शुरू कर दी गई है। पिछले 24 घंटे में जिले में करीब 0.5 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है।

शुक्रवार सुबह से भी जिले के कई क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश जारी रही। बारिश से जहां किसानों को राहत मिली है, वहीं खेतों में चल रही उड़द की कटाई के बीच तेज बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बान सुजारा बांध में धसान नदी से वर्तमान में करीब 80 घन मीटर प्रति सेकंड पानी की आवक हो रही है। बांध का जलस्तर 316.45 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि इसकी पूर्ण भराव क्षमता 316.50 मीटर है। बांध अपनी अधिकतम क्षमता से महज 0.05 मीटर नीचे है। बांध प्रबंधन के अनुसार फिलहाल एक गेट को 0.50 मीटर खोला गया है, जिससे करीब 70 घन मीटर प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है। लगातार पानी की आवक को देखते हुए बांध के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। जिले की तीन तहसीलों में इस सीजन में सामान्य औसत से अधिक बारिश दर्ज हो चुकी है। टीकमगढ़ तहसील में अब तक 44.5 इंच, खरगापुर में 42.5 इंच और पलेरा में सर्वाधिक 56 इंच बारिश दर्ज की गई है। वहीं लिधौरा तहसील में अब तक 22.3 इंच बारिश हुई है, जो जिले में सबसे कम है। बारिश के बीच खेतों में उड़द की फसल की कटाई का काम भी चल रहा है। किसान सीताराम यादव ने बताया कि खेतों में उड़द की कटाई चल रही है और यदि बारिश तेज होती है तो किसानों को फसल नुकसान उठाना पड़ सकता है। कटी हुई फसल के बारिश में भीगने से उसकी गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। मौसम विभाग ने तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। ऐसे में किसानों के साथ-साथ बांध प्रबंधन की भी नजर मौसम और धसान नदी के जलस्तर पर बनी हुई है। लगातार बारिश जारी रहने की स्थिति में जिले में वर्षा का आंकड़ा सामान्य औसत के और करीब पहुंच सकता है।

पर्युषण पर्व में पार्श्वनाथ धाम में उमड़े भक्ति से सराबोर श्रद्धालु



टीकमगढ़। पर्युषण पर्व के अंतिम दिवस पर श्री 1008 अतिशयकारी पार्श्वनाथ धाम दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में धार्मिक आयोजन भक्तिभाव और उत्साह के साथ संपन्न हुए। मंदिर परिसर में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं विधान विधि-विधान से किया गया।

अभिषेक, शांतिधारा, विधान के साथ मनाया अनंत चतुर्दशी पर्व, 26 सितंबर को निकलेगी श्रीजी की भव्य शोभायात्रा

इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान पार्श्वनाथ की आराधना कर धर्मलाभ लिया। शनिवार 26 सितंबर को श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन की जानकारी देते हुए श्रीपाल नायक ने बताया कि पर्व के दौरान प्रथम शांतिधारा करने का सौभाग्य मनोज चौधरी एवं सुनील चौधरी परिवार को प्राप्त हुआ, जबकि द्वितीय शांतिधारा का सौभाग्य सवाई सिंघई अशोक कुमार एवं अभिषेक कुमार आर्जव होंडा को मिला। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ शांतिधारा कर भगवान का पूजन किया। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान श्री 1008 वासुपूज्य स्वामी के निर्माण दिवस पर मंदिर में श्रद्धापूर्वक लाडू समर्पित किए गए। प्रथम लाडू समर्पित करने का सौभाग्य टड़ईया परिवार तथा द्वितीय लाडू समर्पित करने का सौभाग्य नायक परिवार को प्राप्त हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान मंदिर परिसर भगवान पार्श्वनाथ की भक्ति से गूंज उठा। भजन, मेरे नाथ पार्श्वनाथ, तुम न संभालो तो कौन संभालेगा मुझे, सहित अन्य भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। भक्ति संगीत और धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान की परिक्रमा की। मंदिर परिसर में चारों ओर श्रद्धा और आस्था का वातावरण दिखाई दिया। पर्युषण पर्व के अंतिम दिवस आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन, पूजन और आराधना कर सुख-शांति एवं विश्व कल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में देर तक धार्मिक उल्लास बना रहा। अब शनिवार 26 सितंबर को श्रीजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को लेकर जैन समाज में उत्साह का माहौल है। इसके साथ ही पर्युषण पर्व के धार्मिक आयोजनों का समापन होगा।

सेवा संकल्प यात्रा में दिया जनसेवा का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

पीएम मोदी ने सेवा यात्रियों से किया आत्मीय संवाद

सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत संचालित सेवा संकल्प यात्रा के तहत शुक्रवार को बड़ागांव धसान स्थित सांदीपनि विद्यालय में सेवा संकल्प संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअली जुड़े और सेवा यात्रियों से संवाद करते हुए यात्रा के दौरान किए जा रहे सेवा कार्यों, जनसंपर्क और उनके अनुभवों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा यात्रियों से विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सेवा कार्यों और यात्रा के दौरान आम लोगों से मिले अनुभवों के बारे में चर्चा की। संवाद के दौरान सेवा यात्रियों ने बताया कि वाराणसी से प्रारंभ होकर बड़नगर तक की सेवा यात्रा में उन्हें देश के विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति, परंपराओं और जनसेवा के अलग-अलग रूपों को करीब से जानने का अवसर मिला।

बुंदेलखंड में प्रवेश के अनुभव साझा करते हुए यात्रियों ने बताया कि स्थानीय नागरिकों ने जिस आत्मीयता और स्नेह के साथ उनका स्वागत किया, वह यात्रा का विशेष अनुभव रहा। उन्होंने बुंदेली संस्कृति को करीब से समझने के साथ ही पारंपरिक बुंदेली व्यंजनों का स्वाद भी लिया। यात्रियों ने कहा कि यात्रा के माध्यम से उन्हें जनसेवा, स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता के विभिन्न आयामों को समझने तथा सेवा गतिविधियों में प्रत्यक्ष रूप से सहभागी बनने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, सरोज राजपूत, राकेश गिरी गोस्वामी, लक्ष्मी गिरी, संकल्प जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सेवा यात्री और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत सेवा संकल्प यात्रा विभिन्न सेवा गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा का संदेश जन-जन तक पहुंचा रही है। यात्रा के माध्यम से लोगों को सेवा और सामाजिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सेवा यात्रियों ने सांदीपनि विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद सेवा संकल्प यात्रा समर्रा होते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा की ओर रवाना हो गई।

ग्रामीण बोलेः हादसे का इंतजार क्यों, हादसे की आशंका से सहमे अभिभावक

मासूमों के सिर पर मौत का साया, स्कूल की छत से झांक रहे जंग लगे सरिया, उखड़ रहा प्लास्टर, कब जागेगा शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले में सरकारी स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा और भवनों की स्थिति को लेकर किए जा रहे दावों के बीच तहसील मोहनगढ़ के संकुल केंद्र बर्माडांग अंतर्गत ग्राम भगवन्तपुरा गुंदेले का खिरक की शासकीय प्राथमिक शाला की तस्वीर चिंता बढ़ाने वाली है। यहां जिस भवन में मासूम बच्चों की कक्षाएं संचालित हो रही हैं, उसकी छत का प्लास्टर कई स्थानों से उखड़ चुका है और अंदर के जंग लगे सरिया व जाली बाहर निकल आई है। जर्जर छत को देखकर ग्रामीणों और अभिभावकों को हर समय बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है।

ग्रामीणों के अनुसार स्कूल भवन की हालत लंबे समय से खराब है। छत और भवन के विभिन्न हिस्सों में प्लास्टर उखड़ने के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। कई जगह निर्माण सामग्री और सरिया बाहर निकल आई है। ऐसे में बारिश, तेज हवा अथवा भवन के किसी हिस्से से प्लास्टर गिरने की स्थिति में बच्चों के घायल होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक भवन की मरम्मत या नया भवन उपलब्ध नहीं कराया जाता, तब तक बच्चों को किसी सुरक्षित स्थान पर पढ़ाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चे प्रतिदिन इसी भवन में पहुंचते हैं। अभिभावकों की चिंता इस बात को लेकर है कि जिस छत और भवन की स्थिति सामने दिखाई दे रही है, वहां बच्चों की कक्षाएं संचालित करना जोखिमपूर्ण हो सकता है। स्कूल में पढ़ने वाले नौनिहाल भवन की वास्तविक स्थिति को समझने की उम्र में भले न हों, लेकिन उनके अभिभावकों को हर समय किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल भवन बच्चों की पढ़ाई के लिए सुरक्षित वातावरण देने के बजाय अब चिंता का कारण बन गया है। उनका सवाल है कि यदि भवन की स्थिति खराब है तो विभाग द्वारा समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है। स्कूल भवन की छत से निकली सरिया और उखड़ा हुआ प्लास्टर भवन की स्थिति को खुद बयां कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग और भवनों की सुरक्षा को लेकर विभागीय स्तर पर निरीक्षण की व्यवस्था है, लेकिन भगवन्तपुरा की प्राथमिक शाला की स्थिति यह सवाल खड़ा करती है कि जर्जर भवनों की पहचान के बाद उनके सुधार की कार्रवाई कितनी तेजी से होती है। ग्रामीणों के मुताबिक भवन की हालत को लेकर जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित कराया गया है, लेकिन बच्चों को अभी तक किसी सुरक्षित वैकल्पिक स्थान पर शिफ्ट नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारी मौके का निरीक्षण कर भवन की तकनीकी स्थिति का परीक्षण कराएं और जब तक भवन सुरक्षित घोषित न हो, तब तक बच्चों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने किसी निजी स्कूल के विद्यार्थी। यदि किसी भवन की हालत ऐसी है कि उसकी छत से सरिया बाहर निकल रही है और प्लास्टर उखड़ चुका है, तो उसकी सुरक्षा जांच को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उनका कहना है कि प्रशासन को किसी दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय एहतियाती कदम उठाने चाहिए।

गुरुवार से था लापता, वन समिति अध्यक्ष बताए जा रहे मृतक की मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

सुबह तालाब में मिली लाश, 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा



नगर के वार्ड क्रमांक 4 में उस समय सनसनी फैल गई, जब गुरुवार से लापता चल रहे 40 वर्षीय मनोज रैकवार का शव शुक्रवार को नगर के एक तालाब में मिला। तालाब में शव मिलने की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंचा तथा गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया। घटना के बाद से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, जबकि पुलिस ने फिलहाल मौत के कारणों को लेकर कोई निष्कर्ष नहीं दिया है।

लापता होने के 24 घंटे बाद लाश मिली तालाब में

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 4 निवासी मनोज रैकवार गुरुवार से घर से लापता थे। काफी समय तक उनके वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। आसपास और संभावित स्थानों पर खोजबीन के बाद परिजनों ने पुलिस को भी गुमशुदगी की सूचना दी थी। इसी बीच शुक्रवार को तालाब में एक व्यक्ति का शव दिखाई देने की जानकारी सामने आई। देखते ही देखते यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई और तालाब के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रशासन की मदद से शव को तालाब से बाहर निकालने की कार्रवाई की गई। शव की पहचान मनोज रैकवार के रूप में होने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। जैसे ही परिजन मौके पर पहुंचे, वहां का माहौल गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मनोज तालाब तक किन परिस्थितियों में पहुंचे।

मौत की गुत्थी में कई सवाल

मनोज रैकवार गुरुवार से लापता थे और अगले दिन उनका शव तालाब में मिला। ऐसे में पुलिस के सामने कई सवाल हैं कि वे तालाब तक कैसे पहुंचे और पानी में किन परिस्थितियों में गए। क्या वे किसी काम से तालाब की ओर गए थे, दुर्घटनावश पानी में गिरे या घटना के पीछे कोई अन्य परिस्थिति रही। इन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। हालांकि, अभी किसी भी संभावना की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच में घटनास्थल से जुड़े तथ्यों, परिजनों से मिली जानकारी और अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रख रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वन समिति के अध्यक्ष भी बताए जा रहे

जानकारी के अनुसार मनोज रैकवार वन समिति के अध्यक्ष भी बताए जा रहे हैं। उनकी अचानक मौत की खबर से स्थानीय लोगों में भी चर्चा का माहौल है। मनोज के परिचितों और क्षेत्रवासियों में घटना को लेकर शोक के साथ-साथ मौत की परिस्थितियों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष एवं सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच करने की मांग की है। फिलहाल पलेरा पुलिस के लिए सबसे बड़ा सवाल मनोज की मौत की वास्तविक वजह सामने लाना है।

पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक प्रभारी मंत्री के निर्देश की हुई पालना

घडियाल अभ्यारण की बाधा होगी दूर, बिना रोक टोक के होगा रामेश्वर मंदिरो का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



वन विभाग (घड़ियाल अभ्यारण) के अड़ंगा के चलते कई महीनो से अटका पड़ा रामेश्वर मंदिरों के जीर्णोद्धार का काम अब दोबारा से शुरू हो सकेगा। इस मामले में वन विभाग कोई आपत्ति नहीं लगाएगा साथ ही रामेश्वर तीर्थ धाम को धार्मिक धरोहर बनाए रखते हुए उसे पर्यटन विकास के रूप में भी विकसित किया जायगा यह निर्णय गुरुवार को कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक में लिया गया। ज्ञात हो कि विगत दिनों जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में अधिकारियो को निर्देशित किया था कि रामेश्वर धाम सहित सभी ऐसे स्थलों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने हेतू वो प्लानिंग तैयार की जाए जिसमें पर्यावरण संरक्षण इत्यादि का अड़ंगा न आए। उन्होंने रामेश्वर धाम पर स्थित मंदिरों को राजस्थान में चंबल किनारे स्थित मंदिरों की तरह विकसित करने में अड़ंगा डालने पर वन विभाग को भी आडे हाथों लिया था। इसके बाद अब प्रशासन ने प्लानिंग बनाकर रामेश्वर धाम सहित उन सभी स्थलों को विकसित करने का योजना बनाई है जिससे जिले में पर्यटन विकास को पर लगा सके।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि पर्यटन विकास निगम द्वारा सेसईपुरा में 24.40 करोड की लागत से बनाये जा रही कूनो रिसोर्ट का निर्माण समयावधि में पूर्ण किया जायें, इसी प्रकार टिकटोली गेट पर 05 करोड रूपये की लागत से बन रहे पर्यटन सुविधा केन्द्र एवं कैफेटेरिया का निर्माण भी शीघ्रता से पूर्ण किया जायें। उन्होंने रामेश्वर त्रिवेणी संगम की साफ-सफाई तथा वहां स्थित रेस्टहाउस की मरम्मत कराये जाने के निर्देश भी चंबल अभ्याण के अधिकारियों को दिये। डीएफओ कूनो आर थिरूकुराल ने बताया कि कूनो नेशनल पार्क में पर्यटको की संख्या निरंतर बढ रही है, उन्होंने जानकारी दी कि टिकटोली गेट पर शॉवनियर शॉप स्थापित है तथा पर्यटको के लिए 10 जिप्सी एवं 08 गाइड उपलब्ध है, यहां पर्यअकों के लिए कूनो विजिट हेतु बुकिंग की सुविधा भी है।

9 कार्य के लिए करोड़ों रुपया स्वीकृत

इसके साथ ही अवगत कराया कि पर्यटन गतिविधियों से संबंधित 9 कार्य प्रस्तावित किये गये है, जिसके तहत सेसईपुरा में 11 करोड की लागत से स्टॉप डैम एवं जल क्रीडा विकास, 30 करोड की लागत से बायो डायर्वसिटी पार्क का निर्माण कराया जायेगा, जिसमें बटरफ्लाई जोन, ड्रेगन फ्लाई जोन, ओपन एयर थियेटर, रेस्टोरेंट, हर्बल कैफे आदि सुविधाएं विकसित की जायेगी। 02 करोड की लागत से गिद्ध संरक्षण एवं व्याख्या केन्द्र भी बनाया जायेगा। इसी प्रकार 08 करोड की लागत से आमेठ फोर्ट के संरक्षण और विकास का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इसके साथ ही डोब कुण्ड एवं जैन मंदिर के संरक्षण एवं विकास, ईको पर्यटन स्थल देवखो के विकास कार्य भी शामिल किये गये है। श्योपुर जिला मुख्यालय पर 03 करोड की लागत से सोनेश्वर घाट, गिर्राज घाट, जती घाट, पंडित घाट का विकास भी प्रस्तावित है।

सहरिया संग्रहालय पर छाई चुप्पी

बैठक में किला परिसर में स्थित सहरिया संग्रहालय के अस्तित्व को लेकर चुप्पी छा गई। दरअसल समाजसेवी कैलाश पाराशर ने प्रश्न किया था कि किला परिसर किसी होटल व्यवसायी को लीज पर दे दिया है और उसने सहरिया संग्रहालय को बंद कर दिया है चुंकि सहरिया संग्रहालय सहरिया जनजाति की संस्कृति को दर्शाने वाला देश में इकलौता संग्रहालय है अगर यह इकलौता संग्रहालय भी बंद हो गया तो फिर सहरिया संस्कृति को दर्शाने वाला और कोई साधन नहीं बचेगा। प्रशासन ने किला परिसर में स्थित गुरु महल को सहरिया संग्रहालय बनाने पर विचार किया था लेकिन कैलाश पराशर सहित अन्य ने गुरु महल को जीर्णोशीर्ण बताकर खारिज कर दिया साथ ही यह मांग रखी कि जब नगर पालिका अपने नए भवन में शिफ्ट हो जाएगी तो शहर के बीचों बीच इस भवन का उपयोग से सहरिया संग्रहालय के लिए किया जा सकता है पर नगर पालिका परिषद उक्त भवन को देगी या नहीं यह भी नहीं कह सकते क्योंकि वह अपना व्यवसायिक विकास वहां से करेगी यह भी तय है बाद में इसके लिए अलग जमीन अधिक ग्रहण कर सहरिया संग्रहालय खोले जाने की बात कही गई।

सांसद और निगम अध्यक्ष ने किया बाइकर्स का स्वागत, जिले भर में हुए कार्यक्रम आयोजित

समाज के गरीब व्यक्ति का उत्थान पहले चाहते थे पंडित जी:शिवमंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर





पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे विचारक और चिंतक थे जिनके मन में समाज के सबसे अधिक गरीब का उत्थान सबसे पहले करने की थी ताकि समाज में समानता कायम हो सके। उनके दर्शन का मुख्य केंद्र बिंदु ही 'अंत्योदय' रहा है, जिसका अर्थ समाज के सबसे अंतिम और गरीब व्यक्ति का उत्थान सबसे पहले करना है। यह बात क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने शुक्रवार को विजयपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में पं दीनदयाल के जीवनव्रत पर प्रकाश डालते हुए कही। इस दौरान उन्होंने वन विकास निगम अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) रामनिवास रावत के साथ विजयपुर पहुंचे बाईकर्स टीम का माला पहनाकर स्वागत किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत वाराणसी से बड़नगर तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा रबाइक रैलीर विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के मंडल वीरपुर में पहुंचने पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत के नेतृत्व में सभी बाईकर्स का समारोह आयोजित स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा के पितृ पुरुष माने जाने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस दौरान रामनिवास रावत ने भाजपा कार्यकर्त्ताओ से पंडित जी के सपनो को साकार करने की अपील करते हुए कहा की डबल इंजन की सरकार गरीबों और जरुरतमंदो के लिए विभिन्न योजना चला रही है। इन योजनाओं का लाभ हर जरुरतमंद को मिले इसके लिए हम सबको काम करने की जरूरत है। इस दौरान तथा पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ वृक्षारोपण भी किया।

सेवा, समर्पण और संगठन के मूल मंत्र के साथ राष्ट्र निर्माण के इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

जिला मुख्यालय पर मना जन्मदिन

भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 13 में बूथ क्रमांक 198 पर कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन मनाया और उन्हें श्रद्धांजलि दी इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा की पंडित जी भारतीय जनसंघ के महान विचारक एवं राष्ट्रसेवक थे आज जो हमसब यहां विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल और सबसे बड़े लोकतान्त्रिक देश की सरकार बनाने वाली पार्टी के कार्यकर्त्ता के रूप खडे हैं ये पंडित जी की ही देन है। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने अल सुबह ही एकीकर्त बस स्टैंड पहुंच कर वहां स्थित स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर पुष्प चढाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

अब भाजपा दिलाएगी महिला समूहों को उनके अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विगत एक पखवाडा से स्कूलों में भोजन नास्ता बनाने वाले महिला स्व सहायता समूहों के चल रहे हैं आंदोलन को भाजपा ने भी सहयोग दे दिया है इस संबंध में शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर पहुंची महिलाओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक को ज्ञापन सोपते हुए समस्या बताई भाजपा जिलाध्यक्ष ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि वह प्रशासन से संवाद कर उनका हक दिलवाएंगे।

समूह संघ कि जिला अध्यक्ष सुनीता नायक ने उन्हें बताया कि स्कूलों में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत भोजन पकाने वाले महिला समूह को विगत कई माह से पेमेंट नहीं दिया है अधिकारी निरीक्षण के नाम पर समूह को हटाने की कार्रवाई कर रहे हैं और मनमाने नोटिस दे रहे हैं भाजपा जिला अध्यक्ष ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह स्थानिय स्तर पर उनकी जो भी समस्या होगी उसे दूर कराने का प्रयास करेंगे वह जल्द ही कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ से मिलकर समूह के खातों में हर माह राशि डाले जाने एवं उपस्थित छात्र के अनुसार भुगतान करने की मांग करेंगे।

गांव में कथित अवैध गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों ने दिया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

ग्राम महौली, तहसील चंदेरी के ग्रामीणों ने गांव में कथित रूप से लंबे समय से चल रही अवैध गतिविधियों और धमकी दिए जाने के आरोपों को लेकर ईसागढ़ थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन में ग्रामीणों ने बुंदेल पाल, गणेश पाल, कुंवरपाल, वीर सिंह पाल सहित अन्य लोगों पर आरोप लगाते हुए बताया कि कुछ लोग कथित तौर पर करीब 5 वर्षों से शराब बेचने, गांजा लगाने और जुआ खेलने जैसी गतिविधियों में संलिप्त हैं। आवेदन के अनुसार पुलिस द्वारा कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के बाद कथित रूप से आवेदक पक्ष को ही धमकियां दी जा रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित लोगों द्वारा सार्वजनिक रूप से धमकी दी जा रही है कि उन्होंने शिकायत क्यों की और पुलिस तक मामला क्यों पहुंचाया। आवेदन में यह भी कहा गया है कि कथित धमकियों के चलते गांव में महिलाओं एवं बच्चियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है और ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

आवेदन में महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार तथा गांव में अशांति फैलाने के भी आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के चैराहे पर लगी महारानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा को हटाने की धमकी भी दी जा रही है। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपों की सत्यता की पुष्टि की जाए तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे। यह आवेदन 24 सितंबर 2026 को थाना प्रभारी ईसागढ़ के नाम प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के नाम एवं हस्ताक्षर दर्ज हैं।

पौधरोपण कर मनाया एनएसएस दिवस

राव माधव स्कूल की इकाई ने मानव श्रृंखला बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर के राव माधव हायर सेकेंडरी स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राघवेंद्र सिंह रघुवंशी एवं स्वयंसेवकों द्वारा 24 सितंबर राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन विद्यालय परिसर में एनएसएस शब्द की मानव श्रृंखला बनाकर वृक्षारोपण किया गया इसके पश्चात इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा नगर पालिका अशोकनगर जाकर नगर पालिका के सीएमओ विनोद कुमार उन्नीथन ,पार्षद महेंद्र भारद्वाज , सत्तू लोधी , एवं नगर पालिका के सभी कर्मचारीगण के समक्ष नशा विरोधी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा बताया गया कि नशीले पदार्थों से कैंसर तो होता ही है साथ ही ग्रह कलेश एवं परिवार के खंडन का कारण भी बनता है इस मौके पर पार्षद महेंद्र भारद्वाज ने उपस्थित नशा मुक्ति शपथ दिलाई इस अवसर पर विद्यालय उप प्राचार्य मुस्कान हुसैन, शिक्षिका राखी सेन, शिक्षक राहुल रघुवंशी, योगेश शर्मा, दीपक कुशवाह आदि मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



सेवा संकल्प अभियान एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्योपुर तथा युवा रेडक्रास सोसायटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं युवा रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम में पहुंचे अपर कलेक्टर, रूपेश उपाध्याय ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का निरंतर विकास हो रहा है, जो प्रसन्नता का विषय है। शिविर में रेडक्रास सोसायटी के सचिव एवं संगठक दिनेशराज दूबोलिया ने 17वीं बार तथा जनभागीदारी अध्यक्ष मनोज सर्राफ ने 16वीं बार रक्तदान किया। शिविर में रक्तदानकरने वालो एवं अतिथियों का प्रिंसिपल ओपी शर्मा ने आभार जताया।

धूमधाम से निकाली गणेश जी की विदाई यात्रा, आतिशबाजी की

नम आंखों से दी बप्पा को विदाई, लगे अगली बार जल्दी आने के नारे, कुंड में किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर





श्योपुर में दस दिवसीय गणेश उत्सव का समापन शनिवार को सीप नदी के पंडित घाट पर गणपति विसर्जन के साथ हुआ। विसर्जन से पहले शोभायात्रा निकाली गई।

टोड़ी बाजार, चौपड़ बाजार, विमलेश्वर मंदिर महाराष्ट्र समाज और शिवपुरी रोड स्थित राम मंदिर से गणेश प्रतिमाओं को विमान में सजाकर लाया गया। चंबल कॉलोनी के शिव दुर्गा मंदिर और विमलेश्वर महादेव मंदिर की विशाल प्रतिमाएं ट्रॉली में सजाकर लाई गईं।

शोभायात्रा के दौरान ब्राह्मण पाड़ा के हनुमान मंदिर और चतरदास जी के टीले पर आरती की गई। अंतिम आरती भुवनेश्वर महादेव मंदिर में हुई। नगर पालिका की ओर से बनाए गए कुंड में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। मिट्टी की प्रतिमाएं सीप नदी में विसर्जित की गईं।दस दिनों तक चले उत्सव में कई झांकियां सजाई गईं। बौद्धिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विसर्जन के समय 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना' के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया।

अंचल में भी विसर्जन

बड़ौदा कस्बे में गणेश विसर्जन जुलूस चंपा की बगीची से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से गुजरा। सभी मोहल्ला समितियों का जुलूस कंपनी दरवाजा अस्पताल क्षेत्र से होते हुए बागर रोड पर पहुंचा। बागर से गणेश प्रतिमाओं को ट्रैक्टर-ट्रॉली से ललितपुरा ले जाया गया। जहां देर शाम अहेली नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विजयपुर में क्वारी नदी, वीरपुर में छोटा और बड़ा तालाब पर गणेश विसर्जन के लिए लोगों का जमावड़ा लगा। रघुनाथपुर, दांतरदा, पांडोला, चंद्रपुरा, सोईकलां सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी भक्तों ने भगवान श्रीगणेश को श्रद्धा से विदा किया। नदी, तालाबों पर सूर्यास्त के बाद भी प्रतिमाओं का विसर्जन करने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। जबकि मानपुर में विमान एकादशी के दिन ही गणेश प्रतिमाएं विसर्जित कर दी गई थी।

शहर में आज अनंत चतुर्दशी के अवसर पर पंडित घाट पर हुए गणेश विसर्जन के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से कड़े इंतजाम किए गए। पंडित घाट पर एसडीआरएफ की टीम मोटर वोट के साथ तैनात की गई थी। वहीं शहर में शोभायात्रा के दौरान पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी।

जर्जर छात्रावास में रहने को मजबूर एससी-एसटी छात्र, नए छात्रावास में तत्काल शिफ्ट करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



श्योपुर जिले के बड़ौदा कस्बे में रतोदन रोड स्थित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास जर्जर और क्षतिग्रस्त अवस्था में पहुंच चुका है। शुक्रवार को छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों की सूचना पर किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंड़ला मौके पर पहुंचे और छात्रावास की स्थिति को देखा ।

इस दौरान पाया गया कि छात्रावास के एक कमरे की छत पहले ही गिर चुकी है, जबकि कई अन्य कमरे भी जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं। छात्रावास के शौचालय भी बदहाल स्थिति में हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि जर्जर कमरों से लगे कमरों में ही एससी-एसटी वर्ग के विद्यार्थी रहने को मजबूर हैं, जिससे उनके सिर पर हर समय हादसे का खतरा मंडरा रहा है।

छात्रों ने बताया कि बरसात के समय छात्रावास में रहना और भी खतरनाक हो जाता है। स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि कई बार आवास अधीक्षक द्वारा बच्चों को उनके गांव भेज दिया जाता है। भय और असुरक्षा के माहौल के कारण उनकी पढ़ाई भी लगातार प्रभावित हो रही है।

किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंड़ला ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ौदा के वार्ड क्रमांक 11 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए नया छात्रावास बनकर तैयार हो चुका है। इसके बावजूद छात्रों को जर्जर भवन में रखना उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है।

उन्होंने कलेक्टर एवं जिला प्रशासन से मांग की कि पुराने छात्रावास में रहने वाले सभी विद्यार्थियों को तत्काल नए बने छात्रावास में शिफ्ट किया जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित वातावरण में रहकर पढ़ाई करने का अवसर मिल सके। राधेश्याम मीणा मूंड़ला ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने इस गंभीर मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की जान जोखिम में डालकर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडी निवासी राजेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजू कुर्मी, हरिओम ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी अरूण आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रेम आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत अमझरा निवासी राजाबेटी पुत्री शेर सिंह आदिवासी उम्र 36 साल ने घर के पास फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

अज्ञात चोर 7400 मीटर बिजली का तार खंबों से चोरी कर ले गए

अशोकनगर। चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम देवखेडी निवासी सुनील धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर मेघासन मंदिर के पीछे चंदेरी से नानक पुर के जगंल तक 17 सितंबर से 18 सितंबर के बीच खंबों का 7400 मीटर तार चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है।

कई महिलाओं को भी घटना में आरोपी बनाया, 8 को पुलिस ने गिरफ्तार किया

शराब दुकान में तोड़फोड़ के बाद पुलिस ने 22 नामजद व 5 अन्य पर मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी





शराब दुकान का ताला तोड़ा, बोतलें फोड़ीं और दी जान से मारने की धमकी

एक दिन पहले चंदेरी में चुरारी नयापुरा की शराब की दुकान पर महिलाओं ने बढ़ती घटनाओं को लेकर तोड़फोड़ की बड़ी घटना को अंजाम दिया था, शराब की दुकान से बोतले उठाकर सड़क पर फेंक दी गई थीं, सड़क पर शराब बहती हुई देखी गई थी। उक्त घटना के बाद पुलिस ने 22 पर नामजद व 5 अन्य पर मामला दर्ज किया है, उक्त मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं।

घटना की शिकायत भूपेन्द्र पुत्र रूपसिंह यादव निवासी मुंगावली द्वारा दर्ज कराई गई है जिस पर से थाना चंदेरी में विभिन्न धाराओं (बीएनएस की धारा 331(3), 324(4), 191(2), 296(इ), 351(2)) के तहत मामला दर्ज किया गया। चंदेरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई के लिए टीम गठित कर 24 सितंबर को ग्राम चुरारी और गोराकलां से 8 आरोपियों (4 पुरुष और 4 महिलाएं) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पुरुषों में चैहान लोधी, जीवन कोली,प्रदीप साहू, और जगत अहिरवार शामिल हैं, जबकि महिलाओं में उमा बाई, बबीता बाई,रामसखी बाई और मानकुंवर बाई को पुलिस ने हिरासत में लेकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। जिन आरोपियों पर नामजद मामला दर्ज किया गया है उनमें सुखवती लोधी, उमा भारती अहिरवार, जजिया बाई आदिवासी, पुष्पा अहिरवार, रजनी साहू, गुडडी अहिरवार, रामबाई अहिरवार, जनवेद लोधी, नरेश लोधी, रामंसिह लोधी, भगवान सिंह लोधी, चैहान लोधी, हरिराम अहिरवार, जयराम आदिवासी, श्यामलाल अहिरवार, चार्ली यादव, राजकुमार अहिरवार, भरोषा कोली, जोरावर यादव, संतराम अहिरवार, सभी नामजद है।

शासकीय लाइसेंसी शराब दुकान गोराकलां को हटाने की मांग को लेकर ग्राम गोरा और चुरारी के ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे दो दर्जन से अधिक महिलाओं और पुरुषों ने शराब दुकान पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और दुकान का ताला तोड़कर तोड़फोड़ की। मामले में चंदेरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके बाद पुलिस की भूमिका को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

फरियादी पक्ष के अनुसार 23 सितंबर को ग्राम गोराकलां और चुरारी के ग्रामीणों की भीड़ एक राय होकर शराब दुकान बंद कराने पहुंची। विरोध जता रहे लोगों ने दुकान का ताला तोड़ दिया और अंदर रखी शराब की पेटियों को बाहर फेंककर कांच की बोतलें फोड़ दीं। दुकान के कर्मचारियों (देवेंद्र तिवारी, विवेक चंदेल, जितेंद्र परिहार, कृष्णा लोधी) ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता की, जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान दुकान में रखा फ्रीज और सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए। दुकान के कर्मचारियों का दावा है कि गल्ले में रखे लगभग 5,000 रुपये गायब हैं और कुल मिलाकर 1.64 लाख से 3 लाख रुपये तक के नुकसान का अनुमान है।

लाड़ली बहनों का फूटा गुस्सा विरोध करने पर मिल रहीं हथकड़ियां

दूसरी ओर, पुलिस और प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। शराब दुकान बंद कराने की मांग कर रहीं महिलाओं ने सरकार और प्रशासन पर तीखे सवाल दागे हैं। महिलाओं का कहना है कि एक तरफ प्रदेश सरकार महिलाओं को लाड़ली बहना कहकर बड़े-बड़े वादे करती है, वहीं दूसरी तरफ शराब के सामाजिक दुष्परिणामों का विरोध करने पर उन्हें थानों में बंद किया जा रहा है और हाथों में हथकडियां पहनाई जा रही हैं। क्षेत्र के लोगों का पूछना है कि जब ग्रामीण लगातार शराब दुकान बंद करने या स्थानांतरित करने की मांग कर रहे हैं, तो प्रशासन कलारी बंद करने के बजाय आम जनता और महिलाओं पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल क्यों भेज रहा है।

रतनजोत के बीज खाने के बाद 9 बच्चे बीमार

अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम बरोदिया में 10 से 12 वर्ष की आयु की 9 बच्चों द्वारा रतनजोत के बीज खानें के बाद जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इन बच्चों में शुभम पुत्र देवेन्द्र अहिरवार उम्र 09 साल, ज्योति पुत्री देवेन्द्र अहिरवार 12 साल, सूरज पुत्र देवेन्द्र अहिरवार उम्र 10 वर्ष, मनीषा पुत्री देवेन्द्र अहिरवार उम्र 09 वर्ष, नेन्सी पुत्री शिवराज अहिरवार उम्र 11 साल, समीर पुत्र जसमन अहिरवार उम्र 12 वर्ष, श्याम पुत्र मोहनसिंह अहिरवार उम्र 8 साल, रविन्द्र पुत्र मोहन अहिरवार 11 वर्ष, अर्जुन पुत्र मोहन अरिहवार उम्र 7 वर्ष शामिल हैं। घटना के बारे में देवेन्द्र अहिरवार ने बताया कि वुधवार की शाम 5 बजे इन बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ गई, उल्टी होने के साथ दस्त होना शुरू हो गए। तबीयत खराब होने पर इन सभी बच्चों को जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए लाया गया। स्थानीय शिशु वार्ड में इन बच्चों का उपचार किया गया, तबीयत ठीक होने के बाद गुरूवार को वह सभी बच्चे अपने घर लौट गए। इन परिवार जनों ने बताया कि रतनजोत के पेड़ उनके घर के पास में लगे हैं, खेलने के दौरान उन्हें रतन जोत के बीज अच्छे लगे जिससे वह उन्हे खाने लगे। ग्रामीणों ने उक्त रतनजोत के पेड़ कटवाने की मांग की है।

जल झूलनी एकादशी पर निकला विमानों का भव्य चल समारोह



कुंभराज। जल झूलनी एकादशी के पावन अवसर पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में विमानों का भव्य चल समारोह निकाला गया। श्री हनुमान अखाड़े के साथ चल समारोह अग्रवाल मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकला। इस दौरान 10 विमानों में भगवान की मनोरम झांकियां सजाई गईं, जिनका विभिन्न संगठनों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और पूजा-अर्चना कर स्वागत किया। चल समारोह के दौरान श्री हनुमान अखाड़े के अखाड़ेबाजों ने हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

इस अवसर पर विधायक प्रियंका पेची, मंडल अध्यक्ष रोहित कासट, नगर परिषद अध्यक्ष शारदादेवी साहू, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह मीना सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने विमानों का स्वागत किया। जय माताजी मित्र मंडल, भारत विकास परिषद एवं राधावल्लभ समिति सहित अन्य संगठनों ने भी पूजा-अर्चना कर विमानों का स्वागत किया। भमावद तिराहे पर भाजपा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा आमने-सामने विमानों का स्वागत एवं पूजन किया गया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना बल्लू चौहान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।



सफाई कर्मियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल हुई शुरू

शाढ़ौरा। नगर परिषद शाढ़ौरा के सफाई मित्रों और कर्मचारियों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी है। गुरुवार सुबह से सफाई कर्मचारी काम से दूर रहे और सुबह करीब 11 बजे नगर परिषद प्रांगण में एकत्र होकर धरने पर बैठ गए।

कर्मचारियों ने नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर को ज्ञापन सौंपकर मांगों के निराकरण की मांग की और कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होता, हड़ताल जारी रहेगी। सफाई कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष अखिलेश सांवर ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर पहले भी कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं और हड़ताल भी की गई, लेकिन सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण नगर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। यदि हड़ताल लंबी चली तो कचरा उठाव और नियमित सफाई बाधित होने से नागरिकों की परेशानी बढ़ सकती है और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ने की आशंका है।

कर्मचारियों का कहना है कि पिछले सात वर्षों से पीएफ राशि का भुगतान लंबित है, जिसे तत्काल जारी किया जाए। इसके साथ ही कर्मचारियों ने एक वर्ष पूर्व के एक माह के लंबित वेतन का भुगतान करने, सभी सफाई मित्रों का विनियमितिकरण करने और मासिक वेतन प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख के बीच देने की मांग रखी है। कर्मचारियों का आरोप है कि अभी तक अगस्त माह का वेतन भी नहीं मिला है। इस संबंध में नगर परिषद सीएमओ शमशाद पठान ने बताया कि परिषद की वित्तीय स्थिति कमजोर है। पीएफ भुगतान के लिए करीब 1.5 करोड़ रुपए की राशि विभाग से मांगी गई है। राशि मिलने के बाद कर्मचारियों का भुगतान किया जाएगा।

चार सूत्रीय मांगों को लेकर काम किया बंद, परिषद अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

अज्ञान से भी खाली होना ही आकिंचन्य है: मुनिश्री निरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



ग्रहण और त्याग दोनों के भावों से ऊपर जो धर्म हमारे भीतर प्रकट होता है, वह आकिंचन्य धर्म है। त्याग करते-करते अन्त में आपके पास क्या बचेगा? कुछ नहीं। जिसके पास कुछ नहीं बचा वह अकिंचन कहलाता है और आकिंचन का जो भाव है वह आकिंचन्य कहलाता है। परिग्रह का त्याग हो जाने पर ही पूर्ण आकिंचन्य धर्म प्रकट होता है।

यह बात मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सुख आत्मा का गुण है। भले ही वह वर्तमान में विपरीत रूप परिणमन कर रहा हो पर यह निश्चित है कि जब भी वह प्रकट होगा तब आत्मा में ही प्रकट होगा यह ध्रुव सत्य है, परन्तु मोह के कारण यह जीव परिग्रह को सुख का कारण जान उसके संचय में रात-दिन एक कर रहा है। ष्परितो गृह्णाति आत्मानं इति परिग्रहः जो आत्मा को सब ओर से पकड़कर, जकड़कर रखे वह परिग्रह है। परमार्थ से विचार किया जाय तो यह परिग्रह ही जीव को समन्तात् अर्थात् सब ओर से जकडे हुए है। मूच्छा परिग्रहः आचार्य उमास्वामी महाराज ने परिग्रह का लक्षण मूच्छा रखा है। मैं इसका स्वामी हूँ, ये मेरे स्व हैं इस प्रकार का भाव ही मूच्छा है। इस मूच्छा के रहते हुए पास में कुछ भी न हो तब भी यह जीव परिग्रही कहलाता है और मूच्छा के अभाव में समवसरण रूप विभूति के रहते हुए भी अपरिग्रह-परिग्रहरहित कहलाता है।

परिग्रह सबसे बड़ा पाप है, जो दशम गुणस्थान तक इस जीव का पिण्ड नहीं छोड़ता। आज परिग्रह के कारण संसार में त्राहि-त्राहि मच रही है। जहाँ देखो वही परिग्रह की पुकार है। जिनके पास है वे उसे अपने पास से अन्यथा नहीं जाने देना चाहते हैं और जिनके पास नहीं है वे उसे प्राप्त करना चाहते हैं।इसलिये संसार में संघर्ष मचा हुआ है। यदि लोगों की दृष्टि में इतनी बात आ जाय कि परिग्रह निर्वाह का साधन है। निर्वाण का नहीं। जिस प्रकार हमें भोजन, वस्त्र और निवास की आवश्यकता है उसी प्रकार दूसरे के लिये भी इसकी आवश्यकता है। अतः हमें आवश्यकता से अधिक अपने पास नहीं रोकना चाहिये, तो संसार का कल्याण हो जायेगा। यदि परिग्रह का कुछ भाग एक जगह अनावश्यक रुक जाता है तो दूसरी जगह उसके बिना कमी होने से संकट उत्पन्न हो जाता है। शरीर के अन्दर जब तक रक्त का संचार होता रहता है तब तक शरीर के प्रत्येक अंग अपने कार्य में दक्ष रहते हैं, पर जहाँ कहीं रक्त का संचार रुक जाता है वहाँ वह अंग बेकार हो जाता है। जहाँ रक्त रुक जाता है, वहाँ मवाद पैदा हो जाता है यही हाल परिग्रह का है। जहाँ नहीं पहुंचेगा वहाँ उसके बिना संकटापन्न स्थिति हो जायेगी और जहाँ रुक जायेगा वहाँ मद-मोह विभ्रम आदि दुर्गुण उत्पन्न कर देगा।

स्थानीय कवियों ने कवि सम्मेलन का आयोजन किया

अशोकनगर। स्थानीय श्री गणेश मंदिर में क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा श्री गणेशोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला में बुधवार रात्रि स्थानीय कवियों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देवेंद्र सोनी अध्यक्ष ने कवियों का आभार व्यक्त कर शॉल एवं श्रीफल से स्वागत किया। कवि सम्मेलन की शुरुआत हास्य कवि महेश श्रीवास्तव की हास्य गणेश वन्दना-गजानन वर दे, सब भ्रष्टाचारियों के तन में स्पेशल बदबू भर दे से किया गया एवं हास्य रचनाओं से लोगों को खूब हँसाया।उन्होंने श्रोताओं की फरमाइश पर कविता-तुम अगर आदमी को आदमी समझो तो चलें चाय पियें कवि जगदीश शर्मा सहज ने छंद, गीतों-लोकमंगल की कला का ज्ञान दो माँ शारदे, श्तुम अगर कविता बनो तो गीत मैं बन जाऊँगा, एवं जिंदगी का सुहाना सफ़र दोस्तो, ताजगी से रहो तरबतर दोस्तो आदि गीतों के माध्यम से पांडाल में समां बाँधा उसके बाद गजलकार आरपी कामिल ने खूबसूरत गजलों की प्रस्तुति दी। जिसमें-दुनिया में चमकता है ये वतन तो सितारा है, इस वतन को लहू देकर शहीदों ने सँवारा है० को श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से सम्मान दिया। लक्ष्मीनारायण सोनी पीटीआई ने रचना मेरे मान अभिमान से बड़े हो गए, हम घर में छोटे थे आसमान में बड़े हो गए। आज माँ बाप घर में भूखे सो गए, लगता है घर में बच्चे बड़े हो गए एवं पति पत्नी पर हास्य व्यंग्य की रचनाओं से श्रोताओं को बहुत गुदगुदाया।

पेड़ की छांव के बजाय अब तंग जगह में लग रहीं कक्षाएं

अशोकनगर। बीते 16 सितंबर को क्षेत्र के टोरिया चक्क स्थित प्राथमिक विद्यालय की कक्षा का पेड़ की छांव के नीचे लगने का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था। इसके बाद विद्यालय में सुधार की कवायद शुरु की गई थी लेकिन एक सप्ताह गुजरने के बाद भी प्रशासन एक कदम आगे नहीं बढ़ पाया है, हालांकि कक्षाओं का संचालन अब पेड़ की छांव से हटकर नजदीक ही बनी एक निजी दालान में आ गया है। गुरुवार को इसी निजी दालान में कक्षा संचालित हो रही थी। 200 वर्गफीट की इस दालान में दो तखत, सोफा रखी हुई थी। बाकी बची जगह में एक टाटपट्टी पर आधा दर्जन बच्चे बैठकर सामने रखे बोर्ड से कखग सीख रहे थे। मौके पर उपस्थित षिक्षकों ने बताया कि समाचार प्रकाषन होने के बाद वरिष्ठ कार्यालय से स्पष्ट निर्देष थे कि पेड़ के नीचे कक्षा संचालित न करके निजी दालान में की जाए। इसलिए जो जगह मिली, वहीं बैठकर बच्चों को पढ़ा रहे हैं। प्रधानाध्यापक करोड़ीलाल अहिरवार ने बताया कि समाचार प्रकाशन के बाद बहादुरपुर तहसीलदार एवं हल्का पटवारी एक दिन निरीक्षण के लिए आए थे। इसके अलावा विकासखंड शिक्षा केन्द्र से भी निरीक्षण दल आया था। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक संकेत हैं कि जल्द ही यहां कोई बदलाव होगा। हालांकि विद्यालय का जीर्ण-शीर्ण भवन अब भी आधी टूटी छत के साथ ज्यों का त्यों खड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत द्वारा प्रांगण की सफाई भी नहीं कराई गई।

शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

अशोकनगर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संजीव भारिल्य सांसद प्रतिनिधि, मनन छाबडा महामंत्री युवा मोर्चा एवं तुसार खैर एवं महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. गरिमा राठौर की अध्यक्षता, नोडल अधिकारी रिचर्ड डिंडोर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें महाविद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें सिमरजीत कौर प्रथम, विशाल लोधी द्वितीय, आयुषी जैन तृतीय, आदित्य श्रीवास्तव चतुर्थ, संजना एवं साक्षी सयुक्त रूप से पंचम स्थान प्राप्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बहादुरसिंह, डॉ. अनिलसिंह तोमर, उर्मिला यादव, बलवीरसिंह जाटव, अरविन्द जोशी, पवन लोधी एवं अभिषेक बाल्मीकि तथा अधिकांश विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



गजानन महाराज की झांकी में गूंजे भजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

नगर के पसियापुरा में कोली समाज द्वारा आयोजित गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में स्थापित श्री गजानन महाराज की भव्य झांकी में जलझूलनी एकादशी का पर्व अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भजनों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्री श्री 1008 श्री नव युवक श्री गणेश महोत्सव समितिश एवं कोटा पंचायत समिति के संयुक्त तत्वावधान में 17वें गणेश उत्सव का आयोजन किया गया। पर्व के उपलक्ष्य में कोटा (राजस्थान) से पधारे मुरलीधर भगवान एवं प्राणपुर से पधारे रघुनाथ जी महाराज के देव विमानों का भव्य आगमन हुआ। कोटा से विशेष रूप से पधारे कोली समाज के श्रद्धालुओं द्वारा पारंपरिक रीति- रिवाज एवं ढोल-नगाड़ों के साथ विमानों को झांकी स्थल तक लाया गया।

देर रात तक बही भक्ति रस की धारा

थाने के सामने स्थापित श्री गजानन महाराज के दरबार में बुधवार की रात विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भोपाल से आईं प्रख्यात भजन गायिका प्रिया गुप्ता एवं अशोकनगर के लोकप्रिय गायक रामवीर सिंह रघुवंशी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। गायकों के सुरीले भजनों और भक्तिमय भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते नजर आए। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान चंदेरी का माहौल पूरी तरह धर्ममय और गणेश मय बना रहा। आयोजन में समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय एवं बाहर से आए श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

जर्मनी, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड के पर्यटकों ने जाना चंदेरी

कटी घाटी पर ढोलक की थाप सुन थिरके विदेशी मेहमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में गुरुवार को कटी घाटी का नजारा उस समय खास हो गया, जब ढोलक की थाप पर विदेशी पर्यटक खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। जर्मनी, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से दो दिवसीय प्रवास पर आए पर्यटकों ने स्थानीय लोक वादन का आनंद लिया और परमाल की ढोलक की पारंपरिक थाप पर जमकर झूमे।

मालवा और बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार के रूप में पहचान रखने वाली कटी घाटी पर पर्यटकों ने स्थानीय संस्कृति को करीब से महसूस किया। ढोलक की लय शुरू होते ही विदेशी मेहमानों का उत्साह देखते ही बना। उन्होंने पारंपरिक लोक वादन को न केवल सुना, बल्कि उसकी धुन पर थिरककर अपनी खुशी भी जाहिर की।

गाइड ने कराया ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

पर्यटकों के समूह को ग्रुप लीडर मरियानी (नागालैंड) चंदेरी लेकर आई थीं। दो दिवसीय प्रवास के दौरान भारतीय पर्यटन के फैसिलिटेटर एवं गाइड कल्ले भाई ने उन्हें शहर के प्रमुख ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कराया। पर्यटकों ने श्री गणेश उत्सव की झांकियां देखीं और मंदिरों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों व भजनों का आनंद लिया।





स्मारकों की स्थापत्य कला ने भी किया आकर्षित

पर्यटकों ने पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित चंदेरी के विभिन्न ऐतिहासिक स्मारकों का भी भ्रमण किया। प्राचीन स्थापत्य, पत्थरों पर की गई बारीक नक्काशी और ऐतिहासिक संरचनाओं को उन्होंने करीब से देखा। चंदेरी की स्थापत्य परंपरा और समृद्ध विरासत ने विदेशी मेहमानों का ध्यान खींचा।

विरासत के साथ लोक संस्कृति बनी आकर्षण

चंदेरी भ्रमण के दौरान पर्यटकों के लिए यहां की ऐतिहासिक धरोहर के साथ लोक संस्कृति भी आकर्षण का केंद्र रही। कटी घाटी पर ढोलक की थाप पर विदेशी मेहमानों का थिरकना स्थानीय संस्कृति के प्रति उनके उत्साह को दर्शाता रहा। ऐतिहासिक स्मारकों से लेकर मंदिरों और लोक संगीत तक, चंदेरी की विविध सांस्कृतिक पहचान ने पर्यटकों के दो दिवसीय प्रवास को यादगार बना दिया।